लोक सभा अध्यक्ष ने पीएसएलवी के सबसे लम्बे मिशन SCATSAT-1 के प्रक्षेपण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) को बधाई दी।

नई दिल्ली, 26 सितंबर, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने पीएसएलवी के सबसे लम्बे मिशन SCATSAT-1 के प्रक्षेपण के लिए इसरो को बधाई दी है। श्रीमती महाजन ने कहा , "इसरो ने पीएसएलवी के SCATSAT-1 के सफल प्रक्षेपण के साथ एक बार फिर हम सबको गौरवान्वित किया है। इससे मौसम के पूर्वानुमान, चक्रवाती तूफ़ान का पता लगाने और ट्रैकिंग सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। मुझे यह जानकर भी खुशी हुई है कि इसरो के राकेट की सहायता से अन्य उपग्रहों के साथ-साथ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई द्वारा निर्मित "प्रथम " और पीईएस विश्वविद्यालय, बेंगलुरु द्वारा निर्मित 'पीसैट' भी भेजे गए जो उपग्रह जगत में भारत की बढ़ती हुए साख का प्रतीक हैं। "